


दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 79 | लखनऊ, शुक्रवार, 04 अक्टूबर, 2019 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00




# मोनेरिको अल्युमनाई एसोसियेशन लखनऊ चेप्टर द्वारा ब्लड-डोनेसन व गांधी जयंती समारोह

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज**

**लखनऊ।**मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लखनऊ चैप्टर के अल्युमनाई द्वारा राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर में लगभग 50 से अधिक संख्या में परिवार के साथ सदस्य उपस्थित हुये । महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ÷ब्लड डोनेसन ड्राइब÷ मे बड़े उत्साह से भाग लेकर 15-लोगो ब्लड डोनेट किया और जनसेवा में अपनी-अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष, डॉ0 भरत राज सिंह के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं0 मनजीत सिंह अरोड़ा ने सभी आगन्तुक इन्जीनियर बन्धुओं व उनके परिवार का स्वागत किया । उक्त क्रम में, महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर एकत्रित होकर उनकी फोटो पर फूल-माला चढ़ाया तथा एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया, जिसमे लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ0 भरत राज सिंह ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान हेतु लोगो को प्रेरित करे। उक्त क्रम में, सेवा-निवृत्त कार्यकारी-निदेशक, आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, सेवा निवृत्त प्रमुख-अभियंता, बकाया, डी.के. सिह, सुनीलजी गर्ग आदि ने भी अपने विचार रखे । सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु को जन-जागरण और पृथ्वी को हरा-भरा रखने व स्वच्छता अभियान चलाने तथा सिंगल उपयोग की प्लास्टिक को बंद करने का अभियान चलाकर जन-मानस को प्रोत्साहित करने का भी संकल्प लिया। इसके साथ ही सपरिवार लोगो ने गीत-संगीत का कर्य-क्रम भी किया जिसकी मोनेरको एसोसियेशन के सदस्यों ने भूरि-भूमि प्रशंसा की ।

